# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 25 सितंबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. प्री-एम्बेडेड खनिज ब्लॉकों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने वाला देश का पहला राज्य कौनसा होगा?

(A) हरियाणा

(B) राजस्थान

(C) मध्यप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान में खान एवं भूविज्ञान विभाग ने प्री-एम्बेडेड खनिज ब्लॉकों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।
- इसके साथ ही राजस्थान संभवत: देश का पहला राज्य बनेगा, जो ऐसे ब्लॉकों की नीलामी करेगा। अन्य राज्यों में अभी तैयारी का काम चल रहा है।
- प्री-एम्बेडेड का मतलब है कि खनिज ब्लॉक की नीलामी से पहले सभी वैधानिक अनुमतियां प्राप्त कर ली जाती हैं। इससे नीलामी के बाद खनन कार्य शुरू करने का समय कम होता है,

राजस्थान ने इसके लिए राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (RSMET) को प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट के रूप में नामित किया है

**01. हाल ही में राजस्थान में GST बचत महोत्सव की शुरुआत कब हुई है?**

(A) 20 सितंबर

(B) 21 सितंबर

(C) 22 सितंबर

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने 22 से 29 सितंबर तक एक सप्ताह तक चलने वाले "जीएसटी बचत महोत्सव" की घोषणा की है।
- इस कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने कहा कि हाल ही में लागू किए गए जीएसटी दरों में बदलाव से समाज के सभी वर्गों को लाभ होगा।
- नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से लागू हो रही हैं. इसमें खाने-पीने की चीजें दवाइयों समेत कई वस्तुओं पर जीएसटी 18% से घटकर 0% हो गया है.
- अब सिर्फ 5% और 18% के स्लैब हैं. 12% और 28% के स्लैब को खत्म कर दिया गया है

**02. इस साल प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन 10 दिसम्बर को  कहां किया जाएगा?**

**(A) जयपुर**

**(B) जोधपुर**

**(C) भरतपुर**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर प्रवासी राजस्थानी दिवस के लोगो का अनावरण किया।
- मुख्यमंत्री ने गत वर्ष दिसम्बर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हर वर्ष 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने की घोषणा की थी।
- इसी क्रम में इस साल प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन जयपुर में 10 दिसम्बर को किया जाएगा।
- इसको सफल बनाने की दिशा में 26 सितम्बर को हैदराबाद में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रवासी राजस्थानी मीट का आयोजन किया जाएगा।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

03. राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कितनी ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ा कर वर्तमान सरपंचों को प्रशासक नियुक्त किया है?

(a) 3,848

(b) 5634

(c) 6,434

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 3,848 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ा दिया है, जिनका कार्यकाल सितंबर और अक्टूबर 2025 में समाप्त होने वाला था।
- इस निर्णय के तहत, वर्तमान सरपंचों को प्रशासक नियुक्त किया गया है।
- इन ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 15 अक्टूबर, 2025 को समाप्त हो रहा है। नए चुनाव होने तक वर्तमान सरपंच अब प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे।
- उनकी सहायता के लिए एक प्रशासनिक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें उप सरपंच और वार्ड पंच शामिल होंगे

04. राजस्थान का पहला नेत्रहीन महाविद्यालय "श्री पारसमल बोहरा महाविद्यालय" का शिलान्यास किसने किया?

(A) अमित शाह

(B) जे.पी. नड्डा

(C) नरेंद्र मोदी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- जोधपुर में है श्री पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय
- राजस्थान का पहला नेत्रहीन महाविद्यालय, श्री पारसमल बोहरा महाविद्यालय (चौखा – जोधपुर)
- गृहमंत्री श्री अमित शाह ने 21 सितंबर 2025 को इस महाविद्यालय में नवीन भवन तथा छात्रावास भावनो का शिलान्यास किया।

05. राजस्थान कृषक कौशल एवं क्षमता संवर्धन योजना के तहत 40 किसानों को अन्तर्राज्यीय कृषक प्रशिक्षण के लिए किसने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है?

(A) भजनलाल शर्मा

(B) अमित शाह

(C) दीया कुमारी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में राजस्थान कृषक कौशल एवं क्षमता संवर्धन घोषणा संख्या-115 के तहत कृषक प्रशिक्षण दल को सोमवार का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

⭕ घोषणा वर्ष 2025-26 में राजस्थान कृषक कौशल एवं क्षमता संवर्धन घोषणा संख्या-115 के तहत जिले के 40 किसानों का दल 7 दिवसीय अन्तर्राज्यीय कृषक प्रशिक्षण के लिये 22 सितम्बर को रवाना हुआ।

⭕ प्रशिक्षण में कृषकों को कृषि एवं उद्यानिकी की नवीनतम तकनीक पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। योजनान्तर्गत कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र से जुड़ी नई तकनीक एवं अनुसंधान को जिले के किसानों तक पहुंचाया जाएगा।

06. स्वच्छ भारत मिशन के तहत राजस्थान में 'खुले में शौच से मुक्त' (ODF) प्लस गाँवों की कुल संख्या कितनी हो गई है?

(A) 32,964

(B) 42,781

(C) 57,868

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा 18 अगस्त, 2025 को राज्यसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, राजस्थान में 'खुले में शौच से मुक्त' (ODF) प्लस गाँवों की कुल संख्या 42,781 हो गई है। यह जानकारी स्वच्छ भारत मिशन के तहत जारी की गई है।

⭕ गाँवों का वर्गीकरण: प्रदेश के कुल ODF प्लस गाँवों में से 42,417 गाँव 'मॉडल' श्रेणी में, 83 गाँव 'उन्नत' (Rising) श्रेणी में और 281 गाँव 'आकांक्षी' (Aspiring) श्रेणी में शामिल हैं।

⭕ राष्ट्रीय स्थिति: देश भर में कुल 5,66,068 गाँव ODF प्लस घोषित किए जा चुके हैं, जिनमें से 4,73,921 गाँव 'मॉडल' श्रेणी में हैं।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण (2020-21 से 2025-26)

**07. राजस्थान का पहला पूर्ण बीमित गाँव कौनसा है?**

**(A) देसूला (अलवर)**

(B) रामगढ़ (जयपुर)

(C) ओसियां (जोधपुर)

(D) इनमें से कोई नहीं

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- देसूला: भारत का पहला पूर्ण बीमित गाँव
- मुख्य उपलब्धि: अलवर जिले की देसूला ग्राम पंचायत, देश की पहली ऐसी ग्राम पंचायत बन गई है, जहाँ सभी निवासियों को बीमा कवर प्रदान किया गया है।
- अभियान और नेतृत्व: यह उपलब्धि जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला के नेतृत्व में चलाए गए 'सबको बीमा अभियान 2047' के तहत हासिल की गई।
- सर्वेक्षण प्रक्रिया: इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 12 अगस्त, 2025 को एक विशेष जन-आधार आधारित सर्वेक्षण आयोजित किया गया, जिसमें घर-घर जाकर सभी परिवारों का विवरण संकलित किया गया।

**08. हाल ही में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर जयपुर के इनोवेशन हब में एक समारोह कब आयोजित किया गया?**

(A) 25-26 अगस्त, 2025

(B) 22-23 अगस्त, 2025

(C) 28-29 अगस्त, 2025

(D) इनमें से कोई नहीं

**Important Facts:**

- राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर 22-23 अगस्त, 2025 को जयपुर के इनोवेशन हब में एक समारोह आयोजित किया गया।
- इसकी थीम 'आर्यभट्ट टू गगनयान: एन्सिएंट विजडम टू इनफाइनाइट पॉसिबिलिटीज' थी, जिसके तहत आदित्य एल-1 मॉडल और रॉकेट लॉन्चिंग का प्रदर्शन किया गया।
- राजस्थान पर्यटन विभाग और स्पेस इंडिया द्वारा राजस्थान को एस्ट्रो टूरिज्म में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से 23 अगस्त, 2025 को जयपुर के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल जंतर-मंतर पर एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।


09. इस वर्ष प्रकाशित होने वाली पुस्तक "व्हाई द कॉन्स्टिट्यूशन मैटर्स" के लेखक कौन है?

(a) डी.वाई. चंद्रचूड़

(b) रविन्द्र भट्ट

(c) मनिंदर मोहन श्रीवास्तव

(d) इनमें से कोई नही






**Important Facts:**

⭕ Supreme court पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ अपनी पहली पुस्तक, 'व्हाई द कॉन्स्टिट्यूशन मैटर्स', 2025 में प्रकाशित करने वाले हैं, जिसे पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित किया जाएगा।

⭕ न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, जो निजता, लैंगिक समानता, LGBTQ+ अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अपने प्रगतिशील फैसलों के लिए जाने जाते हैं, 25 वर्षों से अधिक के न्यायिक अनुभव पर प्रकाश डालते हैं।

**10. भारत का कौनसा राज्य भारत स्काउट्स और गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की मेजबानी करेगा?**

(a) राजस्थान

(b) उत्तरप्रदेश

(c) मध्यप्रदेश

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- उत्तर  प्रदेश भारत स्काउट्स और गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की मेजबानी करेगा
- उत्तर प्रदेश 23-29 नवंबर, 2025 तक लखनऊ के वृंदावन परिसर में भारत स्काउट्स और गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की मेज़बानी करेगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 नवंबर को इस आयोजन का उद्घाटन करेंगे।
- उत्तर प्रदेश ने इससे पहले 1964 में चौथे संस्करण की मेज़बानी की थी।

प्रधानमंत्री मोदी का स्काउटिंग से पुराना नाता है, उन्होंने 2009 में अहमदाबाद में आयोजित जम्बूरी में भाग लिया था।

**Today, Quiz:**

**Q.हाल ही में राजस्थान लोक सेवा आयोग RPSC में कितने तीन नए सदस्य नियुक्त किए गए हैं?**

(A) 3

(B) 2

(C) 5

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine